# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय परिसर, अलवर)

☎ Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321

Website :- www.rrbmuniv.ac.in


क्रमांक :– रात्रभमवि / अल / संस्थापन / 2022 / 881 दिनांक :– 14-12-22

## –:वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2022–23:–

1. **संक्षिप्त इतिहास :–** माननीय मुख्यमंत्री के बजट भाषण वर्ष 2012–13 में अलवर में मत्स्य विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की गई थी। इस क्रम में, मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर, अधिनियम, 2012 (2012 का अधिनियम संख्यांक 27) जो राजपत्र में दिनांक 23 अगस्त, 2012 को प्रवृत्त हुआ है, के द्वारा ''मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर'' की स्थापना की गई तत्पश्चात राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक प.2(14) विधि / 2 / 2014 दिनांक 04.07.2014 द्वारा मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर (नाम परिवर्तन) अधिनियम 2014 (2014 का अधिनियम संख्यांक 11) से इस विश्वविद्यालय का नाम परिवर्तन कर ''राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर'' घोषित किया गया है जो मूल प्रवृत्त की दिनांक 23 अगस्त 2012 से प्रभावी माना गया है।

2. **जनशक्ति (शैक्षणिक व अशैक्षणिक मय स्वीकृत व भरे पदों के) :–**
   **(अ) विश्वविद्यालय में स्वीकृत शैक्षणिक पद** :– उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग राजस्थान जयपुर के पत्रांक प.14 (30) शिक्षा –4 /2012 दिनांक 20.11.2017 के द्वारा विश्वविद्यालय में 05 भौक्षणिक विभागों यथा इतिहास, भूगोल, अंग्रेजी, गणित एवं राजनीति विज्ञान के संचालन हेतु प्रत्येक विभाग में 01 आचार्य, 02 सह–आचार्य, एवं 03 सहायक आचार्य के अनुसार आचार्य के कुल 05 पद, सह–आचार्य, के कुल 10 पद एवं सहायक आचार्य के कुल 30 पद स्वीकृत किये हैं, जिन पर भर्ती प्रकिया प्रारम्भ कर दी गई थी किन्तु राज्य सरकार के आरक्षण मे बदलाव के कारण रोक दी गई थी अब एंव नवीन रोस्टर व राज्य सरकार के निर्देशानुसार भर्ती प्रकिया प्रारंभ की जावेगी।

(ब) विश्वविद्यालय में स्वीकृत अशैक्षणिक पदों का विवरण :–

| क्र.सं. | कुल स्वीकृत पद–पदनाम सहित | कुल स्वीकृत पदो की संख्या | भरे हुए पद | प्रतिनियुक्ति के द्वारा भरे गये पदों की संख्या | रिक्त पद | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुलपति | 1 | 1 | – | – | |
| 2. | कुल सचिव | 1 | 1 | – | – | राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी पदस्थापित है। |
| 3. | वित्त नियंत्रक | 1 | 1 | – | – | राजस्थान लेखा सेवा के अधिकारी पदस्थापित है। |
| 4. | परीक्षा नियंत्रक | 1 | – | – | 1 | आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर द्वारा प्रतिनियुक्त सह आचार्य डॉ. अशोक आर्य के पास प्रभार। |
| 5. | उप कुलसचिव | 1 | – | – | 1 | |
| 6. | सहायक कुल सचिव | 2 | 2 | – | – | |
| 7. | विधि सहायक | 1 | 1 | – | – | |
| 8. | निजी सचिव | 1 | – | – | 1 | राज्य सरकार के निर्देशानुसार पदोन्नति पद |
| 9. | अनुभागाधिकारी | 2 | – | – | 2 | राज्य सरकार के निर्देशानुसार पदोन्नति पद |
| 10. | निजी सहायक | 1 | – | – | 1 | पद रिक्त– शीघ्र भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। |
| 11. | सहायक लेखाधिकारी | 1 | – | 1 | – | निदेशालय कोष एवं लेखा विभाग, राजस्थान से प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापित है। |
| 12. | कनिष्ठ लेखाकार | 2 | – | 1 | 1 | एक रिक्त पद पर निदेशालय कोष एवं लेखा विभाग, जयपुर के द्वारा प्रतिनियुक्ति की जानी है। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13. | वरिष्ठ लिपिक | 4 | 4 | — | — | राज्य सरकार के निर्देशानुसार पदोन्नति पद |
| 14. | कनिष्ठ लिपिक | 10 | 05 | — | 05 | |
| 15. | वाहन चालक नियमित | 2 | 1 | — | 1 | सेवानिवृत कार्मिक / रेक्सो की सेवाये ली जानी है। |
| 16. | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 15 | 10 | — | 5 | शेष 05 पदों पर निर्देशानुसार सेवानिवृत कार्मिकों की सेवाये ली जानी है। |
| 17. | स्टेनाग्राफर | 3 | — | — | 3 | |
| 18. | सूचना सहायक | 4 | — | 4 | — | सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग राजस्थान, जयपुर से 04 सूचना सहायक पदस्थापित है। |
| | कुल | 53 | 26 | 06 | 21 | |

आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के द्वारा 03 प्राध्यापकों को विश्वविद्यालय के कार्य में सहायतार्थ प्रतिनियुक्त /कार्यव्यवस्थार्थ लगाया गया है।

**3. वित्तीय वर्ष 2022–23 आय–व्ययक अनुमान 2022–23 संशोधित अनुमान एवं वर्ष 2022–23 आय–व्ययक अनुमान :–**

| क्र. सं. | बजट मद 2202–03–102–12–(12) | वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु बजट प्रावधान | वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु संशोधित अनुमान |
|---|---|---|---|
| 1 | 12–सहायतार्थ अनुदान (गैर संवेतन) | एक हजार (Token Money) | एक हजार (Token Money) |
| 2 | 92–सहायतार्थ अनुदान (संवेतन) | एक हजार (Token Money) | एक हजार (Token Money) |
| 3 | पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु सहायतार्थ अनुदान | एक हजार (Token Money) | एक हजार (Token Money) |

| क्र.सं. | बजट मद 2202—03—102—12—(00) | वित्तीय वर्ष 2022—23 आय—व्ययक अनुमान |
|---|---|---|
| 1. | 12—सहायतार्थ अनुदान (गैर संवेतन) | एक हजार (Token Money) |
| 2. | 92—सहायतार्थ अनुदान (संवेतन) | एक हजार (Token Money) |
| 3. | पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु सहायतार्थ अनुदान | एक हजार (Token Money) |

4. **विश्वविद्यालय के विभाग एवं संघटक महाविद्यालयों के विधार्थियों के नामांकन** : वर्तमान मे विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय नही है। राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर मे अभी विद्यार्थियों के नियमित अध्ययन हेतु शैक्षणिक गतिविधिया प्रारंभ हो गई है। विश्वविद्यालय में 05 विषयों यथा इतिहास, भूगोल, अंग्रेजी, गणित एवं राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर कक्षाऐं प्रारंभ की गई है।

उच्च शिक्षा (ग्रुप—4) विभाग राजस्थान जयपुर के पत्रांक प.14 (30) शिक्षा —4 /2012 दिनांक 20.11.2017 के द्वारा विश्वविद्यालय में 05 भौक्षणिक विभागों यथा इतिहास, भूगोल, अंग्रेजी, गणित एवं राजनीति विज्ञान के संचालन हेतु आचार्य के 05 पद, सह—आचार्य के 10 पद एवं सहायक आचार्य के 15 पद स्वीकृत किये गये है, जिन पर किन्तु राज्य सरकार के आरक्षण मे बदलाव के कारण रोक दी गई थी अब नवीन रोस्टर एंव राज्य सरकार के निर्देशानुसार भर्ती प्रकिया प्रारंभ की जावेगी। विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022—23 के परीक्षार्थियों के नामांकन की कार्यवाही परीक्षा आवेदन पत्र के साथ ही प्रक्रियाधीन है।

5. वित्तीय प्रबन्ध :–

(I) आय (Income)

1. राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान (Block Grant From Government) :– राज्य सरकार से संवेतन, गैर संवेतन एवं पूंजीगत परिसम्पत्तियों के निर्माण हेतु अनुदान प्राप्त होता है। वर्ष 2022–23 के लिये राज्य सरकार द्वारा रू. एक हजार (Token Money) के अनुदान का प्रावधान किया गया है। जिसमें संवेतन मद, गैर संवेतन मद, एवं पूंजीगत परिसम्मित्तियों का निर्माण मद में रू. एक हजार (Token Money) सम्मिलित है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में राज्य सरकार से कोई राशि प्राप्त नही हुई हैं।

2. परीक्षा फीस :– वर्ष 2022–23 में इस मद में रू 4000.00 लाख प्राप्त होने का अनुमान है। जिसमें से नवम्बर, 2022 तक रूपये 2934.78 लाख प्राप्त हुये है।

3. सम्बद्धता शुल्क (Affiliation fees):– वर्ष 2021–2022 में इस मद में रू. 359.45 लाख प्राप्त हुए है। वर्ष 2022–23 में इस मद में 400.00 लाख प्राप्त होने का अनुमान है। राजस्थान विश्वविद्यालय से रू. 65.00 लाख बकाया राशि प्राप्त करने हेतु पत्राचार किया जा रहा है। शीघ्र ही राशि प्राप्त होने का अनुमान है।

4. स्पोटर्स बोर्ड :– इस मद में वर्ष 2022–23 में रू. 25.00 लाख प्राप्त होने का अनुमान है।

5. परीक्षा केन्द्र फीस (Exam Center Fees) :– वर्ष 2022–23 में रूपये 08.00 लाख प्राप्त होने का अनुमान है। माह नवम्बर 2022 तक 7.05 लाख प्राप्त हो चुके है।

6. ब्याज से आय (Income from Interest) वर्ष 2022–2023 में SBI, ICICI, CANARA, IDBI में जमाओं से लगभग 125.00 लाख रू. ब्याज के रूप में प्राप्त होने का अनुमान है। वर्ष 2021–2022 में तक कुल रू. 117.29 लाख प्राप्त हुआ है।

## (B) व्यय (Expenditure)

1. **वेतन एवं भत्ते** :– इस मद मे वर्ष 2022–23 हेतु विश्वविद्यालय में स्वीकृत पदों (53 पद) को ध्यान में रखते हुए रू. 225.00 लाख का प्रावधान किया गया था। माह नवम्बर 2022 तक 163.43 लाख.रू. व्यय हुआ है । वर्ष 2023–24 में 240.00 लाख का प्रावधान किया गया है।

2. **Other Than Salary Exp.** :– इस मद में वि.वि. के विद्युत एवं पानी व्यय, यात्रा भत्ता, चिकित्सा भत्ता, पारिश्रमिक, मोटर व्हीकल, स्टेशनरी प्रिंटिग, टेलिफोन, कम्प्यूटर, विज्ञापन, गार्डन मेन्टीनेन्स, भवन किराया, सर्विस पोस्टेज, फर्नीचर लीगल व्यय एवं, कार्यालय सफाई इत्यादि व्यय सम्मिलित हैं। इस मद मे वित्तीय वर्ष 2022–23 में नवम्बर 2022 तक 20.00 लाख रू. व्यय हुआ है। इस वित्तिय वर्ष में रू. 24.00 लाख का व्यय का प्रावधान है।

3. **पूंजीगत परिसम्पत्तियों का निर्माण** (Capital Expenditure) :– वर्ष 2022–23 में विश्वविद्यालय निधि से राशि रू. 300 लाख का हस्तान्तरण RSRDC को संविधान पार्क एवं सडक निर्माण हेतु किया गया है।

6. **वित्तीय वर्ष 2021–22 की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ : –**

i. **प्रशासनिक एवं परीक्षा भवन का निर्माण** :– इस विश्वविद्यालय को ग्राम हल्दीना, तहसील मालाखेडा, जिला अलवर में आवंटित 49.70 हैक्टेयर भूमि पर प्रशासनिक एवं परीक्षा भवन के निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। ग्राम हल्दीना, तहसील मालाखेडा, जिला अलवर परिसर मे सी.सी.रोड, स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स एवं संविद्यान उद्याान का शिलान्यास दिनांक 27.11.2021 को श्री टीकाराम जूली, माननीय कैबिनेट मंत्री, सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता, जेल विभाग द्वारा किया गया। निर्माण कार्य प्रगति पर है।

ii. **शोध पीठ की स्थापना** :– विश्वविद्यालय में चार शोध पीठ महात्मा गॉधी जी, स्वामी विवेकानन्द जी, डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी एंव राज ऋषि भर्तृहरि जी की स्थापना की गई है ।

iii. **परीक्षा** : विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष परीक्षा 2022 में समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के नियमित परीक्षार्थियों एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थीयों हेतु स्नातक भाग प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय, स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध एंव उत्तरार्द्ध, विधि प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय वर्ष व एल. एल. एम. प्रथम एंव द्वितीय वर्ष तथा बी.एड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष, इन्टीग्रेटिड बी.एड. तथा बी.बी.ए. एंव बी.सी.ए. एंव डी.लिब., डी.एल.एल. की परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। उपरोक्त परीक्षाओं में से समस्त स्नातक, स्नातकोत्तर, बी.बी.ए. एंव बी.सी.ए. एंव डी.लिब. तथा इन्टीग्रेटिड बी.एड. चतुर्थ वर्ष परीक्षा के परिणाम जारी किये जा चुके है शेष परीक्षाओं के परिणाम जारी करने का कार्य प्रक्रियाधीन है। परीक्षा 2023 के लिए परीक्षार्थियों से परीक्षा आवेदन पत्र भरवाये जाने का कार्य प्रक्रियाधीन है।

iv. **सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम** :– विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गॉव हल्दीना, ककराली मेव एंव बाम्बोली मे राजकीय विद्यालयों में सर्दी से बचाव हेतु गर्म जर्सी व स्वेटरो का वितरण किया गया । ग्रामीणो को जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण एंव पोधारोपण का आवाहन किया साथ ही गॉव में अधिकाधिक औषधीय पौधे लगाने हेतु प्रेरित किया ।

**7. भावी योजना वित्तीय वर्ष 2022—23 :—**

(i) वित्तीय वर्ष 2022—23 में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं परीक्षा भवन का उद्घाटन करवाना।

(ii) सत्र 2022—23 में विश्वविद्यालय द्वारा जॉब ओरिएन्टेड कोर्स प्रारम्भ करना प्रस्तावित हैं।

(iii) सत्र 2022—23 में विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थीयों परामर्श केन्द्र स्थापित कर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को रोजगार के संबंध मे मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा।

(iv) सत्र 2022—23 में विश्वविद्यालय मे स्पोर्टस कॉम्पलेक्श एंव संविधान पार्क का का निर्माण कार्य पूर्ण करवाया जायेगा।

(v) गुणवक्ता एंव व्यवहारिक शोध को बढावा दिया जायेगा जिसका लाभ अलवर जिले को विशेष रूप से प्राप्त हो।

**8. संचालित संकाय एवं विषयों का विवरण :—** विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय व निजी महाविद्यालयों में कला, ललितकला, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा एवं विधि संकायों के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार सम्बन्धित विषय संचालित हैं।

**कुल सचिव**

क्रमांक : राऋभमवि/अल/स्था०/2022/ 882-885

दिनांक : 14-12-22

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :—**

1. सचिव, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, राजस्थान, जयपुर।
2. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप—4) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय।

**कुल सचिव**